कार्यालय जिला पंचायत, प्रतापगढ़

पत्रांक– 213/नक्शा/नि0वि0/जि0पं0/2021–2022 दिनांक: 11/01/2022

–श्री मनोज मिश्रा
मैनेजर,
विरेन्द्र जन कल्याण सेवा समिति,
7 स्टेनली रोड, प्रयागराज
जिला–प्रयागराज।

आपके प्रार्थना पत्र दिनांक 06/01/2022 के साथ खसरा सं0 1389,1390 ग्राम व पोस्ट–माझिलगॉव, तहसील–कुन्डा, जिला–प्रतापगढ़ की भूमि पर वीरेन्द्र कालेज ऑफ फार्मेसी अन्डर विरेन्द्र जन कल्याण सेवा समिति पर विद्यालय निर्माण के मानचित्र की तीन प्रतियां जिनमें कुल भूखण्ड क्षेत्रफल 9750.00 वर्गमीटर प्रदर्शित है। जिस पर मानचित्र के अनुसार 3175.54 वर्गमीटर कवर्ड एरिया के निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति पर समयक विचारोपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 11/01/2022 को स्वीकृति प्रदान की गयी है।

माननीय अध्यक्ष जी की स्वीकृति दिनांक 11/01/2022 के अनुकम में कुल कवर्ड एरिया 3175.54 वर्गमीटर तक के स्वीकृति का मानचित्र निम्नलिखित प्रतिबन्धो सहित स्वीकृति किया जाता है।

1– प्रस्तावित निर्माण का कुर्सी तल मार्ग के मध्य बिन्दु की सतह से 0.45 मीटर रखा जाये। प्रस्तावित निर्माण के पहुंच मार्ग एवं उसमें कास ड्रेनेज हेतु पुलिया का निर्माण भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व करा लिया जाये जिसके पूर्ण होने के जिला पंचायत के अवर अभियंता के निरीक्षण के पश्चात ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाये।

2– प्रस्तावित निर्माण स्थल पर निर्माण प्रारम्भ करते समय एवं निर्माणधीन अवधि में कोई भी निर्माण सामग्री मार्ग पर एकत्र न की जाये।

3– जल–मल की निकासी का मार्ग की ओर न किया जाये।

4– प्रतिबंध रहेगा कि मानचित्र के अनुसार प्रस्तावित निर्माण में अग्नि से सुरक्षा एवं बचाव के उपाय प्रविधानित होने सम्बन्धी मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रतापगढ़ की अनुज्ञा/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

बिना किसी पूर्व सूचना के मानचित्र/भवन में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/परिवर्धन नहीं किया जायेगा। यदि किसी भी प्रकार का परिवर्तन/परिवर्धन, मानचित्र/भवन में प्रस्तावित है, तो जिला पंचायत से स्वीकार किये बिना परिवर्तन/परिवर्धन नहीं किया जायेगा। किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में जिला पंचायत उत्तरदायी नहीं होगी।

11/1/22

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, प्रतापगढ़

Scanned with OKEN Scanner